**शाश्वत ऊर्जा**

**एक बार इरेडा सदैव इरेडा**

**(नवरत्न सीपीएसई)**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा ने गिफ्ट सिटी, गुजरात में सहायक कंपनी स्थापित की

नई दिल्ली, 9 मई 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा ) ने गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी स्थापित की है। "इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड" नाम की सहायक कंपनी को आईएफएससी गिफ्ट सिटी में वित्तीय कंपनी स्थापित करने के लिए 8 फरवरी 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक से अनापत्ति पत्र प्राप्त होने के बाद, इसे 7 मई 2024 को कार्यालयी रूप से स्थापित किया गया था ।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि गिफ्ट सिटी में इरेडा कार्यालय हरित वित्तपोषण के लिए अभिनव दृष्टिकोणों को आगे बढ़ाने के उसके मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। यह सहायक कंपनी न केवल इरेडा को अपनी वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए कार्य करती है, बल्कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी 'पंचामृत' लक्ष्यों के अनुरूप, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धी फंडिंग प्राप्त करने के लिए एक ऑफशोर प्लेटफॉर्म के रूप में भी कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि आईएफएससी में इरेडा के प्रवेश से नई व्यावसायिक संभावनाएं खुलने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी वैश्विक फूटप्रिंट स्थापित होने की उम्मीद है। यह रणनीतिक कदम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा निवेशों के माध्यम से सतत विकास के बारे में सुविधाजनक बनाने के हमारे विजन के अनुरूप है। आईएफएससी में इरेडा की उपस्थिति के माध्यम से , हम नवीन वित्तपोषण के कई विकल्पों तक और अधिक पहुंच और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ सहयोग बढ़ाने की उम्मीद करते हैं, जिससे हमारे देश और विदेश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।